# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# डा. निशंक, त्रिवेन्द व धनसिंह रावत के खिलाफ जमकर नारेबाजी

## उच्च शिक्षा राज्य मंत्री के आवास का घेराव करने जा रहे एनसयूआई कार्यकर्ताओं को रोका

**धरना**

■प्रवेश द्वार पर बैठे धरने पर, पुलिस से नोंकझोंक

**संवाददाता**

देहरादून। केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री के निर्देशानुसार सितम्बर में अंतिम सेमेस्टर की परीक्षायें कराये जाने को लेकर छात्र संगठन लामबंद हो गये हे ओर राज्य में जिस प्रकार से शिक्षा को एक अखाडे के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि केन्द्रीय मंत्री व राज्य के उच्च शिक्षा राज्य मंत्री छात्रों की नहीं सुन रहे है और वहीं छात्र संगठनों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है और इसी क्रम में अंतिम सेमेस्टर की परीक्षायें रद्द किये जाने की मांग को लेकर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं व छात्रों ने रैली निकालकर यमुना कालोनी स्थित उच्च शिक्षा राज्य मंत्री डा. धन सिंह रावत के आवास का घेराव करने पहुंचे तो वहां पर पुलिस ने गेट पर ताला लगाकर




प्रदर्शनकारियों को रोक लिया और इस बीच पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच नोंकझोंक हुई और बाद में सभी वहीं गेट पर धरने पर बैठ गये और केन्द्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

एनएसयूआई के कार्यकर्ता व छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मोहन भंडारी के नेतृत्व में यमुना कॉलोनी पहुंचे तो वहां पर पहले से ही भारी पुलिस बल को तैनात किया गया था। इस अवसर पर संगठन के कार्यकर्ता यमुना कालोनी के प्रवेश द्वार से कुछ ही दूरी पर इकटठा हुए और वहां से केन्द्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जैसे ही यमुना कालोनी के प्रवेश द्वार पर पहुंचे तो वहां पर पुलिस ने गेट पर ताला लगा दिया और इस बीच पुलिस व प्रदर्शनकारियों में नोंकझोंक हुई और बाद में सभी वहीं धरने पर बैठ गये।

इस अवसर पर प्रदर्शनकारियों ने केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक, मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत व उच्च शिक्षा राज्य मंत्री डा. धनसिंह रावत के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कहा कि लगातार छात्र छात्राओं को अहित किया जा रहा है जिसे किसी भी दशा में सहन नहीं किया जायेगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मोहन भंडारी ने कहा कि केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्रालय ने सितम्बर में अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा कराये जाने को कहा है लेकिन एनएसयूआई लगातार इसका विरोध करेगी और उन्होंने कहा कि सभी छात्र छात्राओं को प्रमोट किया जाये। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही मांगों पर कार्यवाही नहीं की गई भूख हड़ताल आरंभ कर दी जायेगी और जरूरत पडी तो मुख्यमंत्री आवास कूच किया जायेगा। लगातार उच्च शिक्षा राज्य मंत्री डा. धनसिंह रावत से संपर्क किया जा रहा है लेकिन वह फोन का जवाब नहीं दे रहे है। उन्होंने कहा कि एचआरडी द्वारा अंतिम वर्ष की परीक्षाओं को सितंबर माह में कराने के विरोध में अनिश्चित कालीन धरना भी दिया जा रहा है और यदि जल्द से जल्द यह निर्णय वापस नहीं लिया गया तो एनएसयूआई कार्यकर्ता भूख हड़ताल पर बैठने के लिए विवश होंगें।

जिलाध्यक्ष सौरभ ममगांई ने कहा कि एनएसयूआई इस मामले का पुरजोर विरोध करेगी और छात्र छात्राओं को न्याय दिलाने का काम करेगी।

## न्यूज डायरी

### जिले में 120 हेयर ड्रेसरों के जांच रिपोर्ट आना बाकी

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले में दो दिन पूर्व सात कोरोना पाजिटिव मामले आने के बाद जिला प्रशासन एक बार फिर से सख्त हो गया है। वही देर सांय जिला मुख्यालय में करीबन एक सौ बीस हेयर ड्रेस संचालकों की जांच रिपोर्ट आनी अभी शेष है। बता दें कि अब जिला प्रशासन कोई भी चूक नही होने देना चाह रहा है।

### डीडीहाट में रविवार तक बाजार हुई बंद

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले की सीमांत तहसील डीडीहाट में बुधवार देर रात्रि के स्वास्थ बुलेटिन में डीडीहाट के स्थानीय व्यापारी की रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव आने के बाद डीडीहाट व्यापार मंडल से बुधवार से लेकर रविवार तक मार्केट बंद कर दिया है। उपरोक्त व्यापारी के होटल स्टाफ व घर के परिववार जनों के सैपल की जांच रिपोर्ट लेकर बाहर भेज दी गई है। व्यापारी के दुकान को सेनिटाजर भी किये जाने समाचार मिले है।

### 792 वर्करों का पांच लाख का इंश्योरेंस

**संवाददाता** देहरादून। ओएनजीसी मैनेजमेंट एवं क्यूस कम्पनियों के अधिकारियों सें तीनों यूनियन की त्रिपक्षीय वार्ता कथन अनुसार सभी 792 वर्करों का 5 लाख वाला इंश्योरेंस शुरू हो गया है। यहां जारी एक बयान में ओएनजीसी संविदा कर्मचारी संघ के मीडिया प्रभारी चन्द्र सागर उनियाल चंदा ने बताया कि इसके लिए ओएनजीसी संविदा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संदीप कुमार बिटटू के साथ हीबी.एम.एस यूनियन की ओर से ओएनजीसी मैनेजमेंट एंव कम्पनी के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया।

### कस्टम बाइक, जावा पैराक देश की सड़कों पर धूम मचाने के लिए तैयार है

**संवाददाता** हल्द्वानी। साल 2020 की शुरुआत से ही लोग जावा पैराक मोटरसाइकिल का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। लेकिन अब जावा पैराक को सड़कों पर दौड़ते हुए देखने और रात के इस शहंशाह को खरीदकर घर लाने के लिए आपको और इंतजार नहीं करना पड़ेगा। आज क्लासिक लेजेंड्स प्रा. लि. ने देश के सभी क्षेत्रों में 20 जुलाई से इस मोटरसाइकिल की डिलीवरी शुरू करने की घोषणा की। पैराक मोटरसाइकिल आपको बीते जमाने की याद दिलाती है, लेकिन यह अपने समय से बहुत आगे है। इसे फैक्ट्री कस्टम बाइक के रूप में डिजाइन और विकसित किया गया है जिसमें 'स्टेल्थ, विजिलेंट एंड डार्क' की सच्ची स्पीरिट नजर आती है। पैराक प्रोडक्ट टीम ने लॉकडाउन के समय का पूरा फायदा उठाया, क्योंकि उन्होंने इस दौरान टॉर्क को लगभग 2 ऐनएम तक बढ़ाने में कामयाबी पाई जो पहले 31 ऐनएम था।

## रेलवे के निजीकरण के खिलाफ रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। केन्द्र सरकार द्वारा रेलवे को निजी हाथों मे बेचने के विरोध मे सीटू ने आज राष्ट्रव्यापी विरोध दिवस के अवसर देहरादून रेलवे स्टेशन पर निजीकरण के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और कहा कि आंदोलन को व्यापक स्तर पर तेज किया जायेगा। सीटू के कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन पर इकटठा हुए और रेलवे को निजी हाथों में सौंपने का जमकर विरोध करते हुए केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार से रेलवे के निजीकरण के फैसले वापस लेने की मांग की गई। इस अवसर स्टेशन निदेशक गणेश ठाकुर के माध्यम से प्रधानमन्त्री भारत सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया गया। इस अवसर पर ज्ञापन मे कहा गया है कि जहाँ निजीकरण से किराऐ भारी वृद्धि होगी तथा कर्मचारियों की नई भर्ती होने के बजाय कार्यरत कर्मचारियों की छंटनी होगी वहीं देश का मजबूत परिवहन माध्यम कमजोर होगा तथा बडे बडे घरानों का लूट का अड्डा बनेगा ।




# उत्तर प्रदेश व बिहार से मजदूर गुपचुप तरीके से कर रहे है प्रवेश

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

**लापरवाही**

घाट व ऐचोली प्रवेश द्वार पर गलत जानकारी देकर जिले में जारी है प्रवेश



पिथौरागढ़। कोरोना के बढ़ते कहर से फिर जिले के लोग चिंता में पड़ चुके है। जानकारी के मुताबिक जिले में उत्तर प्रदेश व बिहार जैसे राज्यों से जिला मुख्यालय में आजकल बड़ी मजदूरी पाने की चाह लेकर काफी तादात में मजदूर गुपचुप तरीके से प्रवेश कर रहे है। बता दें कि ये लोग जांच केंन्द्र से आधे किमी रास्ते में उतरकर अपने परिजनों को बुलाकर सीधे शहर में आवाजाही कर रहे है।

आलम यह है कि ये लोग गलत जानकारी देकर परिवार व जिले के लोगों को कोरोना से पीड़ित करने में लापरवाही करते नजर आ रहे है। जहां लाकडाउन के चलते इन मजदूरों को एक ओर पहले अपने अपने घरों को जाने की मजबूरी थी तो वही अब जिले में बेझिझक आसानी से काफी तादात में प्रवेश कर रहे हैं। ऐसे हालातों में जिले के लोगों में कोरोना का खौफ दिन रात बढ़ता जा रहा है।

जिले के सामाजिक संगठनों से इस मसलें पर जिलाधिकारी डां विजय कुमार जोगदड़े को शिकायत पत्र सापेते हुए मांग की है कि बाहरी राज्यों से जिले में सीधे प्रवेश करने वाले इन मजदूरों की काफी सख्ती से जांच करने के साथ इन्हें होम क्वारंटाइन कराने की जगह संस्थागत क्वारंटाइन कराये जाने की मांग की है। जिले के सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन के कार्यालय के आगे जोरदार प्रर्दशन करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा। इन मजदूरों की लगातार गुपचुप आवाजाही पर सख्ती से जांच करने के साथ इनको संस्थागत क्वारंटाइन कराने की मांग तेज कर दी है।

## ट्रेचिंग ग्राउंड को अन्यत्र शिफ्ट करने को मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**संवाददाता** देहरादून। शीशमबाड़ा ट्रेचिंग ग्राउंड से निकलने वाली दुर्गंध के निवारण व अन्यत्र शिफ्ट किये जाने की मांग को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को समाजसेवी आकाश जोशी अक्कू ने पत्र लिखा है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि विधानसभा सहसपुर के अंतर्गत शीशमबाड़ा में जो ट्रेचिंग ग्राउंड स्थापित किया गया है उसे निकलने वाली दुर्गंध से क्षेत्रवासियों को परेशानियां उत्पन्न हो रही! उसकी दुर्गंध से क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है, जिसके कारण क्षेत्रवासियों का सरकार में नगर निगम के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि जिसके कारण क्षेत्रवासी कभी भी बड़ा आंदोलन कर सकते हैं। पूर्व भी कई बार क्षेत्रवासी द्वारा सरकार और नगर निगम को लिखित और मौखिक उक्त समस्या के बारे में अवगत कराया गया है लेकिन आज तिथि तक ट्रेचिंग ग्राउंड यहां से शिफ्ट करने की कोई कार्रवाई अभी तक नहीं करी गई है।